रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 273] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 6, 2001/आश्विन 14, 1923
No. 273] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 6, 2001/ASVINA 14, 1923

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अक्तूबर, 2001

अंतिम निष्कर्ष

विषय :—चीन जनवादी गणराज्य से जिंक ऑक्साईड के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

सं. 62/1/2000-डीजीएडी.—1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 तथा सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन तथा संग्रहण और क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए,

क. प्रक्रिया

1 अधोलिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है -

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके पश्चात् प्राधिकारी भी कहा गया है) को उपरोक्त नियमो के अंतर्गत घरेलू उद्योग की ओर से मै0 ट्रांसपेक इंडस्ट्रीज लि0 (टी आई एल) जिसका पजीकृत कार्यालय कालाली रोड, अटलादरा रोड, वडोदरा, गुजरात मे स्थित है और जिसकी सहायक कं. मै0 ट्रांसपेक मैटल्स एंड ऑक्साईड्स लि0 (टी एम ओ एल) है, ने मै0 डेमोशा कैमिकल्स

लि0, जिसका पंजीकृत कार्यालय 105 ए, मित्तल टावर्स, 210, नॉरीमन प्वाइंट, मुम्बई-400021 में स्थित है और जिसकी सहयोगी कं. मै0 वेस्टर्न इंडिया लि0 (जिन्हें आगे याचिकाकर्त्ता भी कहा गया है) है, के साथ संयुक्त रूप से लिखित आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें चीन जनवादी गणराज्य (जिसे आगे संबद्ध देश भी कहा गया है), के मूल के अथवा वहां से निर्यातित जिंक ऑक्साइड (जिसे आगे संबद्ध वस्तु कहा गया है) के पाटन का आरोप लगाया गया है । याचिका का समर्थन मै0 प्रगति कैमिकल्स, मुम्बई द्वारा भी किया गया है । जांच की शुरूआत के बाद दमन मैटालिक ऑक्साईड, मुम्बई ने भी याचिका का समर्थन किया ।

(ii) याचिकाकर्त्ता द्वारा दायर किए गए आवेदन की आरंभिक जांच करने पर उसमें कुछ खामियों का पता चला था जिन्हें बाद में याचिकाकर्त्ता द्वारा ठीक कर दिया गया था । इस प्रकार, याचिका को समुचित ढंग से प्रलेखित माना गया था ।

(iii) प्राधिकारी ने यथा प्राप्त साक्ष्य के आधार पर चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु के आयातों के खिलाफ जाँच शुरू करने का निर्णय लिया । प्राधिकारी ने उक्त नियमों के उप-नियम 5(5) के अनुसार जॉच की कार्रवाई शुरू करने से पहले पाटन के आरोप की प्राप्ति के विषय मे नई दिल्ली स्थित चीन जन. गण. के दूतावास को सूचित किया ।

(iv) प्राधिकारी ने 8.12.2000 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया जिसके द्वारा चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहॉ से निर्यातित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची । के सीमाशुल्क कोड 2817.0001 के तहत वर्गीकृत संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू की गई ।

(v) प्राधिकारी ने दिनांक 5.3.2001 को प्रारम्भिक निष्कर्षो को अधिसूचित किया और ज्ञात हितबद्ध पक्षो को प्रारंभिक निष्कर्षों की एक प्रति भेजी और उन्हे पत्र की तारीख से 40 दिन के भीतर अपने विचार, यदि कोई हों, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया ।

(vi) प्राधिकारी ने प्रारंभिक निष्कर्षों की एक प्रति संबद्ध देश के नई दिल्ली स्थित दूतावास को भी इस अनुरोध के साथ भिजवायी कि संबद्ध वस्तु के निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पार्टियों को प्रारंभिक निष्कर्षों पर अपने विचार उपरोक्त (v) में यथा उल्लिखित समय-सीमा में भेजने की सलाह दी जा जाए ।

(vii) प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की प्रति सभी ज्ञात निर्यातकों (जिनका ब्यौरा याचिकाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध करवाया गया था) और उद्योग एसोसिएशनो को भेजी और नियम 6(2) के अनुसार उन्हें लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर दिया ।

(viii) प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पार्टियो को दिनाक 9.5.2001 को अपने विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया था । मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने वाली सभी पार्टियों से मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों को लिखित मे दर्ज करने का अनुरोध किया गया था । पार्टियों को प्रतिपक्षी पार्टियों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों की प्रतियां लेने और उसका खंडन, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था ।

(ix) प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पार्टियों को विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी साक्ष्यो के अगोपनीय अंशों वाली सार्वजनिक फाइल उनके अनुरोध पर निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराई ।

(x) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सी बी ई सी) से भी अनुरोध किया गया कि वे जांच की अवधि सहित पिछले 3 वर्षों के दौरान भारत में किए गए संबद्ध वस्तुओं के आयातो के ब्यौरे प्रस्तुत करे ।

(xi) प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा से पहले हितबद्ध पार्टियों द्वारा दिए गए तर्क, जिन्हे पहले अधिसूचित किए गए प्रारंभिक निष्कर्षों मे प्रकाशित किया गया है, को संक्षिप्तता के कारण

इसमें दोहराया नही गया है । परन्तु हितबद्ध पार्टियो द्वारा बाद में दिए गए तर्को पर प्रारंभिक निष्कर्षो और/या इन निष्कर्षों में उचित ढंग से विचार किया गया है ।

(xii) उपरोक्त नियमो के नियम 16 के अनुसार इन निष्कर्षो के लिए विचारित अनिवार्य तथ्यों/आधार को 27.9.2001 को ज्ञात हितबद्ध पार्टियो के समक्ष प्रकट किया गया था और उन पर मिली टिप्पणियों पर भी इन निष्कर्षों में विधिवत विचार किया गया है ।

(xiii) इस अधिसूचना में *** से हितबद्ध पार्टी द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गयी सूचना प्रदर्शित होती है और नियमो के अंतर्गत प्राधिकारी ने उसे गोपनीय ही माना है ।

(xiv) जांच की अवधि (पी ओ आई) 1.4.1999 से 30.9.2000 मानी गयी है ।

ख. घरेलू उद्योग, आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पार्टियों के विचार और प्राधिकारी द्वारा उनकी जांच

3. विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों पर प्रारंभिक निष्कर्षों मे और प्रकटन विवरण पत्र में भी चर्चा की गयी है । जिन विचारो पर प्रारंभिक निष्कर्षो मे और प्रकटन विवरण-पत्र में पहले विचार नहीं किया गया है और जो मुद्दे अब प्रकटन विवरण के जबाव में उठाए गए हैं, उन पर नीचे दिए गए संगत पैराग्राफों में उस सीमा तक विचार किया गया है जहाँ तक वे नियमानुसार संगत हैं और जहाँ तक वे इस मामले पर प्रभाव डालते हैं । हितबद्ध पार्टियों द्वारा उठाए गए तर्कों की जांच की गयी है और जहाँ कहीं उचित समझा गया है, नीचे संगत पैराग्राफों में उन पर विचार किया गया है ।

ग. 1. विचाराधीन उत्पाद

प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद पर निम्नलिखित तर्क दिए गए हैं -

(i) मै0 नव भारत मैटेलिक ऑक्साइड इंडस्ट्रीज लि0

संबंधित संबद्ध वस्तु के लिए विश्व भर में अपनायी जा रही 3 विनिर्माण प्रक्रियाएं अर्थात् अमरीकी प्रक्रिया, फ्रांस प्रक्रिया और हाइड्रो ऑक्साइड प्रक्रिया है । प्रत्येक प्रक्रिया की भिन्न-भिन्न उत्पादन लागत और भिन्न-भिन्न उपयोग है ।

(ii) घरेलू उद्योग

मै0 नवभारत मैटेलिक ऑक्साइड इंडस्ट्रीज लि0 ने तक दिया है कि चीन के उत्पादकों द्वारा उपयोग में लायी गयी उत्पादन प्रक्रिया एक प्रत्यक्ष प्रक्रिया है जिसकी उत्पादन लागत कम है । तथापि यह मात्र एक अनुरोध है जिसे किसी भी साक्ष्य द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

प्राधिकारी विभिन्न हितबद्ध पक्षो द्वारा किए गए अनुरोध को नोट करते हैं । वे नोट करते हैं कि तीन भिन्न भिन्न उत्पाद प्रक्रियाएं होने के बावजूद विचाराधीन उत्पाद जिंक ऑक्साइड है जो विवादास्पद नहीं है और इसके निश्चित अंतः प्रयोग हैं । घरेलू उद्योग जिंक आक्साइड के सभी ग्रेडों का उत्पादन कर रहा है और भिन्न-भिन्न अंतः प्रयोक्ताओं को आपूर्ति कर रहा है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जनवादी गणराज्य से किसी भी उत्पादक/निर्यातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और जहाँ तक विचाराधीन उत्पाद का संबंध है, उस पर कोई विवाद नहीं है । विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा किए गए उपर्युक्त अनुरोधो को देखते हुए प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद की पुष्टि करते हैं जैसा कि प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के पैरा ग.1 में निर्णय लिया गया है ।

विचाराधीन उत्पाद जड एन ओ रासायनिक सूत्र वाला एक श्वेत/श्वेताभ जिंक ऑक्साइड है जिसका उत्पादन विभिन्न ग्रेडों अर्थात् रेगुलर ग्रे (99%), आई पी ग्रेड (99%), फीड ग्रेड इत्यादि में किया जाता है । यह उत्पाद सीमाशुल्क टैरिफ शीर्ष 2817.0001 के अंतर्गत वर्गीकृत है । इस

उत्पाद का इस्तेमाल ऑटोमोबाईल टायरों और रबड़ की अन्य वस्तुओं के विनिर्माण, सेरेमिक उद्योग के लिए निविष्टि के रूप मं उपयोग में होने वाले सल्फेट क्लोराइड इत्यादि जैसे उच्च शुद्धता वाले जिंक रासायनों के विनिर्माण तथा पशु आहार के नुस्खों में संपूरक के रूप में किया जाता है । जिंक ऑक्साइड लघु क्षेत्र में उत्पादन के लिए आरक्षित है ।

यह उत्पाद ओ जी एल के तहत आयात योग्य है और इस पर 35 प्रतिशत का मूल शुल्क लगता है । वर्तमान में जिंक ऑक्साइड के सभी ग्रड शामिल हैं ।

2. घरेलू उद्योग की स्थिति

निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं -

घरेलू उद्योग की स्थिति

(i) घरेलू उद्योग

यह याचिका ट्रांसपेक इंडस्ट्रीज लि0, ट्रांसपेक मेटल्स एण्ड ऑक्साइड लि0 (टी एम ओ एल), देमोशा कैमिकल्स लि0 और वेस्टर्न इंडिया कैमिकल्स द्वारा संयुक्त रूप से दायर की गयी है । इस याचिका का समर्थन प्रगति कैमिकल्स द्वारा किया गया है । याचिकाकर्त्ता कम्पनियों का उत्पादन जिंक ऑक्साइड के भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है । इस प्रकार याचिकाकर्त्ता कंपनियां नियमों के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं ।

(ii) ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन (ए टी एम ए)

प्रकटन विवरण के बाद ए टी एम ए ने उल्लेख किया है कि टायर उद्योग द्वारा जिंक ऑक्साइड की वार्षिक खपत लगभग 25000 मी.टन है जो जिंक ऑक्साइड के प्रतिवर्ष अनुमानित वार्षिक 65000 मी.टन घरेलू उत्पादन का 40 प्रतिशत है । वर्तमान मे टायर उद्योग द्वारा जिंक ऑक्साइड का आयात नगण्य है इससे पहले अनुमानित 500 मी.टन का आयात किया जाता था । ए टी एम ए ने यह संकेत दिया है कि टायर उद्योग ने वर्ष 1999-2000 और 2000-2001 में रबड़ की क्रमशः 408400 मी.टन और 403360 मी.टन की खपत की थी ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण लघु उद्योग द्वारा किया जाता है । यद्यपि आल इंडिया जिंक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने देश में जिंक ऑक्साइड के उत्पादन के ब्यौरे प्रदान किए हैं तथापि प्राधिकारी की जानकारी में यह बात आयी थी कि देश में जिंक ऑक्साइड के उत्पादकों की कुल संख्या ऑल इंडिया जिंक मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन द्वारा बतायी गयी संख्या से अधिक है । प्राधिकारी ने कतिपय राज्यों के कुछेक उद्योग निदेशालयों से वास्तविक उत्पादन के ब्यौरे प्राप्त किए हैं । प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि मै0 ए टी एम ए ने यह दर्शाया है कि देश में जिंक ऑक्साइड का कुल उत्पादन 65000 मी.टन है और 40 प्रतिशत की खपत टायर उद्योग द्वारा की जाती है । ए टी एम ए ने टायर उद्योग द्वारा खपत की गयी रबड़ की मात्रा भी बतायी है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि इसका सह-संबंध टायर उद्योग द्वारा रबड़ की खपत के बारे में भारतीय रबड़ पत्रिका द्वारा प्रकाशित आंकड़ो के साथ भी है । इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि सभी लघु उद्योग के सभी उत्पादकों के आंकड़े पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, प्राधिकारी ने जिंक ऑक्साइड के उत्पादन का परिकलन अप्रत्यक्ष विधि से की है । प्राधिकारी यह समझते हैं कि जिंक ऑक्साइड का उत्पादन जिंक मेटल, जिंक हाइड्रोक्साइड, जिंक ड्रोस और जिंक एश से किया जा सकता है । प्राधिकारी ने इन चारों कच्ची सामग्रियों के उत्पादन मानदंडों के आधार पर देश में जिंक ऑक्साइड के कुल घरेलू उत्पादन का परिकलन किया है ।

घरेलू उद्योग और इंडिया जिंक लैड डिवलपमेंट एसोसिएशन के साथ हुई बातचीत के बाद प्राधिकारी ने यह नोट किया कि देश मे जिंक के दो प्रमुख उत्पादक हैं । ये उत्पादक हैं - मै0 हिन्दुस्तान जिंक लि0 और मै0 बिनानी जिंक लि0 । प्राधिकारी ने इन उत्पादकों द्वारा जिंक के उत्पादन के बारे मे सूचना इंडिया जिंक लैड डिवलपमेट एसोसिएशन से और इन दोनों उत्पादकों से भी सीधे प्राप्त की । प्राधिकारी ने रबड़, रसायन, ऑटोमोटिव क्षेत्र इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रो मे जिंक की खपत संबंधी पद्धति की भी जांच की । प्राधिकारी ने इंडिया जिंक लैड डिवलपमेंट एसोसिएशन से प्राप्त जबाव और इन दोनों जिंक उत्पादको से सीधे प्राप्त जबाव के आधार पर यह नोट किया कि जांच अवधि के दौरान मै0 हिन्दुस्तान जिंक लि0 द्वारा किया गया जिंक का कुल उत्पादन 145796 मी0टन और मै0 बिनानी जिंक लि0 द्वारा 29161 मी0टन था । दोनो उत्पादकों ने देश में जिंक ऑक्साइड के विनिर्माताओं को क्रमशः 3706 मी0टन और 3797 मी0टन की बिक्री की । खपत संबंधी पद्धति से यह पता चला कि देश में उत्पादित जिंक के 4.28 प्रतिशत का इस्तेमाल जिंक ऑक्साइड के विनिर्माताओं द्वारा किया जा रहा था । खपत संबंधी पद्धति के इसी मापदण्ड का इस्तेमाल डी जी सी आइ एंड एस के आंकड़ों के अनुसार जांच अवधि के दौरान आयातित जिंक पर किया गया है । जिंक ऑक्साइड विनिर्माता क्षेत्र में खपत किए गए आयातित जिंक का अनुपात 2660 मी0टन बनता है । दि इंडिया जिंक लैड डेवलपमेट एसोसिएशन ने बताया कि 175000 मी0टन, जो कुल जिंक उत्पादन के 70-75 प्रतिशत के बराबर है, की खपत गैलवेनाइजिंग क्षेत्र में की जाती है । इसमें से 10 से 15 प्रतिशत जिंक ड्रास के रूप मे वापस मिल जाता है । प्राधिकारी ने इस पद्धति के जरिए जिंक ड्रास की उपलब्धता का मूल्यांकन करने के लिए उच्चतर बैंच मार्क अर्थात् 15 प्रतिशत का संदर्भ लिया है । गैलवेनाइज प्रणाली के जरिए इस प्रकार से उपलब्ध हुआ जिंक ड्रास 26250 मी0टन बनता है । गौण स्रोत मिनरल्स एड मेटल्स रिव्यू

(एम एम आर) समीक्षा के अनुसार जांच अवधि के दौरान जिंक ड्रास के आयात 1157 मी0 टन के हुए हैं । प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि तकनीकी खपत मापदंडों (एग्जिम नीति के अंतर्गत अग्रिम लाइसेंसों के मानदण्डों के साथ भी सहबद्ध) के अनुसार 850 मी0टन जिंक से 1000 मी. टन जिंक ऑक्साइड बनता है जबकि 900 मी. टन जिंक ड्रास से 1000 मी.टन जिंक ऑक्साइड बनता है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि जहां तक जिंक हाइड्रोक्साइड का संबंध है, यह प्राइम जिंक विधि से जिंक ऑक्साइड के उत्पादन की मध्यवर्ती अवस्था है और यह कि जांच अवधि के दौरान जिंक हाइड्रोक्साइड का कोई आयात नहीं किया गया है । जिंक ऐश, जिंक स्क्रेप अपशिष्ट विधि से प्राप्त होता है । वर्ष 1999-2000 के दौरान जिंक स्क्रैप का कुल आयात 45479 मी.टन का हुआ है । जिंक की अंतिम उपयोग प्रणाली और 0.85 के प्राप्ति अनुपात के आधार पर समस्त स्क्रैप को जिंक ऑक्साइड में तब्दील करने योग्य तत्व मानते हुए, जिंक एश/जिंक स्क्रैप विधि से किया गया कुल उत्पादन 915 मी0टन बनता है । अतः उपर दर्शाए गए जिंक के उपरोक्त स्रोतों के आधार पर जिंक ऑक्साइड का कुल उत्पादन 41192 मी0टन बनता है । यह माना गया है कि गाल्वनाइजिंग क्षेत्र से आयातित समस्त जिंक ड्रास का इस्तेमाल केवल जिंक ऑक्साइड के उत्पादन में किया जाता है । उन उत्पादकों के उत्पादन को छोड़कर, जिन्होंने नियम 2(ख) के अनुसार जांच अवधि के दौरान चीन से जिंक ऑक्साइड का आयात किया है, कुल पात्र घरेलू उत्पादन 27542 मी.टन बनता है । इसके अनुसार, घरेलू उत्पादन में घरेलू उद्योग का हिस्सा 37.9 प्रतिशत आता है ।

रबड़ उद्योग में जिंक ऑक्साइड की खपत के अनुसार प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि याचिकाकर्त्ता रबड़ उद्योग को जिंक ऑक्साइड के अपने उत्पादन के 95 प्रतिशत से अधिक की बिक्री करते हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि ए टी एम ए के उत्तर के अनुसार टायर उद्योग मे जिंक ऑक्साइड की कुल खपत 25000 मी.टन है जबकि टायर क्षेत्र मे रबड़ की खपत 408400 मी.टन है । चूँकि यदि टायर क्षेत्र में जिंक ऑक्साइड के 2 प्रतिशत के उपयोग मानदण्डो को लागू किया जाता है तो ये दोनों आंकड़े सहबद्ध नहीं होते हैं, इसलिए प्राधिकारी ए टी एम ए द्वारा यथा इंगित टायर उद्योग द्वारा जिंक ऑक्साइड खपत के 40 प्रतिशत के उपयोग संबंधी अनुपात के आधार पर रबड उद्योग में जिक के 2 प्रतिशत के इस्तेमाल, जो एग्जिम नीति में अग्रिम लाइसेस और 1999-2000 में रबड़ की कुल खपत के लिए उपलब्ध उत्पादन निविष्टि मानदण्डों में दर्शाया गया है, नोट करते हैं कि 1999-2000 में जिंक ऑक्साइड का कुल उत्पादन 20420 मी.टन बनता है जो याचिकाकर्त्ता के आधार को बरकरार रखता है ।

उपरोक्त को देखते हुए प्राधिकारी का मानना है कि याचिकाकर्त्ता नियम 5 (क) और 5 (ख) के अनुसार याचिका दायर करने के आधार की पुष्टि करते हैं और नियम 2 (ख) के अनुसार घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है । प्राधिकारी दिनांक 5.3.2001 के प्रारंभिक निष्कर्षों के पैरा ग(3) का स्मरण कर इसकी पुष्टि करते हैं ।

3. समान वस्तु

प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु तथा संबद्ध देश से निर्यातित वस्तु विभिन्न अंतिम उपयोग के क्षेत्रों में तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और उनका एक-दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल किया जाता है । हितबद्ध पक्षों में से एक पक्ष ने यह उल्लेख किया है कि संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु का उत्पादन भिन्न-भिन्न विनिर्माण प्रक्रिया द्वारा किया जाता है और चूँकि घरेलू विनिर्माताओं के पास पूर्ण क्षमता उपयोग है इसलिए इसका अर्थ यह निकलता है कि संबद्ध देश से आयातित वस्तु भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में इस्तेमाल की जाती है और वह घरेलू बाजार में उत्पादित वस्तु के समान वस्तु नहीं है । विभिन्न हितबद्ध पक्षों द्वारा दायर सूचना के आधार पर और द्वितीयक स्रोत से उपलब्ध की गयी सूचना के अनुसार प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयातित वस्तु तथा घरेलू रूप से उत्पादित वस्तु की आम उपभोक्ताओं द्वारा एक-दूसरे के स्थान पर खपत की गयी है ।

अतः इस बात को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी यह निर्णय लेते हैं कि संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु तथा घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु नियम 2(घ) के अर्थ के भीतर समान वस्तुएं हैं और प्रारंभिक निष्कर्षों के पैरा ग (2) की पुष्टि करते हैं ।

4. सामान्य मूल्य एवं निर्यात कीमत

निम्नलिखित निवेदन किए गए हैं -

(i) घरेलू उद्योग

निर्दिष्ट प्राधिकारी ने चीन के कई निर्यातकों/उत्पादकों और भारत में स्थित चीन के दूतावास को प्रश्नावली भेजी । तथापि, किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्राधिकारी को कोई जबाब नहीं दिया है जिससे हमारे इस दावे की भी पुष्टि होती है कि चीन के निर्यातकों/उत्पादकों द्वारा भारतीय बाजार में जिंक ऑक्साईड का पाटन किया जा रहा है ।

उक्त तर्क केवल एक वक्तव्य है, जिसके समर्थन में कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है। यह चीन के उत्पादकों पर निर्भर करता है कि वे यह सिद्ध करें कि उनकी उत्पादन लागत कम है । कोई भारतीय आयातक चीन की उत्पादन लागत पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता है क्योंकि पार्टी के पास इस संबंध में वास्तविक सूचना का प्राधिकार नहीं है । माननीय सीगेट द्वारा भी अनेक मामलों में, जिसमें जर्मनी और कोरिया के एन बी आर का मामला भी शामिल है, इस दृष्टिकोण को बरकरार रखा गया है । इस मामले में, चीन के निर्यातकों ने निर्दिष्ट प्राधिकारी को कोई जबाब नहीं दिया है । अतः सामान्य मूल्य का निर्धारण सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर किया जाना है ।

यह कहना भी संगत होगा, जैसा कि पहले बताया गया है, कि उत्पादन लागत का महत्वपूर्ण हिस्सा जिंक है । वस्तुतः, परिवर्तन लागत और ऊपरी लागत मिलकर उत्पादन लागत का काफी कम प्रतिशत बनता है । जिंक चीन के उत्पादको के लिए उपलब्ध है और यह तुलनीय कीमतों पर भारत मे भी उपलब्ध है । ऐसा मामला होने के कारण यह समझ में नही आता है कि चीन में उत्पादन लागत निर्यात कीमत से किस प्रकार तुलनीय हो सकती है । निर्यात कीमत कारखाना द्वार स्तर पर उत्पादन लागत से काफी कम होनी चाहिए ।

इसके अलावा, यह अनुरोध है कि चीन गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला एक देश है जहाँ सामान्य मूल्य का निर्धारण संशोधित नियम, जो निम्नानुसार है, के आधार पर करना अपेक्षित होता है:

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा किसी ऐसे तीसरे देश से भारत समेत अन्य देशों के लिए कीमत के आधार पर किया जाएगा अथवा जहाँ यह संभव न हो वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उचित लाभ मार्जिन, यदि आवश्यक हो, को शामिल करने के लिए विधिवत् समायोजन करके समान उत्पाद हेतु भारत में वास्तव में भुगतान की गयी अथवा भुगतान योग्य कीमत समेत किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा ।"

उपरोक्त अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी देश में सामान्य मूल्य का निर्धारण निम्नलिखित के आधार पर किया जा सकता है:-

- बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में कीमत,
- बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में परिकलित मूल्य;
- भारत समेत अन्य देशों के लिए ऐसे किसी तीसरे देश की कीमत;
- उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने हेतु समायोजित भारत में वास्तव में भुगतान की गई कीमत;
- उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने हेतु समायोजित भारत में वास्तव में भुगतान योग्य कीमत,

गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी देश में सामान्य मूल्य का "निर्धारण समान उत्पाद के लिए भारत मे वास्तव में भुगतान की गयी अथवा भुगतान योग्य कीमत के आधार पर किया जा सकता है" जिसे, यदि आवश्यक हो, उचित लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए विधिवत् समायोजित किया गया हो । प्रकटन विवरण के प्रत्युत्तर में घरेलू उद्योग ने यह दोहराया है कि चूँकि किसी भी निर्यातक ने जबाब नहीं दिया है इसलिए कोई साक्ष्य न होने तथा मात्रा निर्धारण के मद्देनजर आयातक के तर्क को अस्वीकार किया जाए ।

2. **मैसर्स नव भारत मैटलिक ऑक्साईड इंडस्ट्रीज लि0**

सामान्य मूल्य

(i) सामान्य मूल्य किसी उचित तीसरे देश के लिए निर्यात कीमत के अनुसार लिया जा सकता है । इसके परिणामस्वरूप शिकायताधीन वस्तु का विभिन्न देशों अर्थात् आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, ईरान इत्यादि को निर्यात किया जा रहा है । उक्त वस्तु लगभग 850-900 अमरीकी डालर प्रति मी0 टन की दर से (याचिकाकर्त्ता सहित) निर्यात किया जा रहा है जिसका सत्यापन स्वयं सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए निर्यात संबंधी आंकड़ों से किया जा सकता है ।

इस प्रकार, सामान्य मूल्य को 900 अमरीकी डालर प्रति मी0 टन प्राक्कलित किया जा सकता है ।

इसके विपरीत, याचिकाकर्त्ता ने इस तथ्य की जानकारी नहीं दी है और उसने केवल गौण स्रोतों पर विचार किया है जो सीमाशुल्क प्राधिकारियों के निर्यात संबंधी आंकड़ो की तुलना में विश्वसनीय नहीं हो सकते ।

(ii) निर्यात कीमत का प्राक्कलन

भारत में आयातित वस्तु की निर्यात कीमत वह कीमत है जो उक्त वस्तु के प्रथम स्वतंत्र क्रेता द्वारा उक्त वस्तु के लिए भुगतान की गयी है अथवा भुगतान-योग्य है ।

यदि हम पिछले तीन वर्षों के लिए समूचे विश्व से उक्त वस्तु के आयात संबंधी आंकड़ों को देखेंगे तो हम यह पाएंगे कि उक्त उत्पाद का आयात विश्व के भिन्न-भिन्न भागों से किया जा रहा है । इन तथ्यो का सत्यापन सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा जारी और प्रकाशित आयात संबंधी आंकड़ों से किया जा सकता है । इन आंकड़ों में हम विश्व के अन्य भागो अर्थात् हांगकांग, मलेशिया, नीदरलैंड, नाइजीरिया, फिलिपीन्स, सिंगापुर, थाईलैंड पर भी विचार कर सकते हैं । इन देशों ने संबद्ध देश की कीमत से कम कीमत पर उत्पाद का निर्यात किया है ।

(प्राक्कलित विनिमय दर 1 अमरीकी डालर = 46.80 रूपये)

वर्ष	मात्रा (टन)	संयोजन मूल्य (लाख रूपये में)	दर प्रति किग्रा0 (रूपये)	अमरीकी डालर प्रति मी0 टन
1997-98	3083	1194.14	39.00	830.00
1998-99	6646	2632.90	40.00	850.00
1999-00	11746	4700.57	40.00	850.00
कुल	**21475**	**8527.61**	**40.00**	**850.00**

इसके अतिरिक्त वस्तुओं के आयात संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण से यह भी परिलक्षित होगा कि इस उत्पाद की निर्यात कीमत में काफी बड़ा अंतर है । ऐसा इसलिए है कि उत्पाद की कीमत का निर्धारण विनिर्माण की प्रक्रिया, ग्रेड और गुणवत्ता के अनुसार किया जा रहा है । चूंकि इस उत्पाद का प्रयोग अनेक उद्योगों जैसे रबड़,भेषजों,पेंट्स सिरामिक्स तथा कॉस्मैटिक्स आदि में किया जाता है, इसलिए प्रत्येक उद्योग इस उत्पाद के भिन्न-भिन्न ग्रेड और गुणवत्ता का इस्तेमाल करता है ।

इन तथ्यों के आधार पर निर्यात कीमत 850.00 यू0 एस डालर प्रति मी.टन होने का अनुमान लगाया जा सकता है ।

इसके विपरीत याचिकाकर्ता ने संबंधित प्राधिकारियों के पास पहले से ही उपलब्ध तथ्यों पर विचार न करते हुए गौण स्रोतों से प्राप्त सूचना के आधार पर निर्यात कीमत का अनुमान लगाया है । याचिकाकर्ता ने तुलना के लिए किसी अन्य देश की निर्यात कीमत को भी ध्यान में नहीं रखा है ।

(iii) **पाटन मार्जिन के अनुमान**

पाटन मार्जिन सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का अंतर है जिसे पाटन मार्जिन के नाम से जाना जाता है ।

अतः पाटन मार्जिन का परिकलन निम्नानुसार किया गया है:

सामान्य मूल्य	900.00 यू0 एस डालर प्रति मी.टन
घटा निर्यात कीमत	850.00 यू0एस डालर प्रति मी.टन
पाटन मार्जिन	50.00 यू0एस डालर प्रति मी.टन

(iv) **उत्पादन लागत**

याचिकाकर्ता ने उत्पादन लागत में अपनी उत्पादन लागत को लिया है जबकि उत्पादन लागत अलग अलग इकाइयों की अलग अलग होती है । अतः इसे सामान्य मानक स्रोतों से लिया जाना चाहिए । उद्योग जगत की प्रवृत्ति के अनुसार इस उत्पाद के लिए लागत तथा बिक्री कीमत हिन्दुस्तान जिंक लि0(भारत सरकार का एक उपक्रम) द्वारा मासिक आधार पर घोषित कीमतों पर ली जा रही है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

धारा 9(क)(1)(ग) के अंतर्गत किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का अर्थ है:-

(i) समान वस्तु के लिए सामान्य व्यापार के रूप में तुलनीय मूल्य जब वह निर्यातक देश या क्षेत्र में उपयोग के निमित हो जिसका निर्धारण उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया गया हो, या

(ii) जब सामान्य व्यापार के रूप में निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में समान वस्तु की कोई बिक्री न हो या जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में विशेष बाजार स्थिति या बिक्री की कम मात्रा के कारण ऐसी बिक्री से उचित तुलना नहीं की जा सकती हो, तब सामान्य मूल्य इनमें से कोई एक होगा:-

(क) समान वस्तु का तुलनात्मक प्रतिनिधि मूल्य जब उसका निर्यात निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उपयुक्त अन्य देश से किया जाए जिसका निर्धारण उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाए;या

(ख) उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत जिसमें प्रशासनिक बिक्री और सामान्य लागत तथा लाभ के लिए उपयुक्त राशि जोड़ी गई हो जिसका निर्धारण उप धारा (6)के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाए ।

बशर्ते कि ऐसे मामले जहां वस्तु का आयात उद्गम वाले देश से इतर देश से किया गया हो और जहां वस्तु को निर्यात वाले देश से होकर केवल यानान्तरिक किया गया हो या ऐसी वस्तु का निर्यात वाले देश में उत्पादन नहीं किया जाता हो या निर्यात वाले देश में कोई भी तुलनात्मक कीमत नहीं हो तब सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में इसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा ।

चीन जनवादी गणराज्य में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है:

सामान्य मूल्य

प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तु के संबंध में किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने जबाब नहीं दिया है । इसलिए प्राधिकारी पाटनरोधी नियमों के अनुसार सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना अर्थात क्षमता उपयोग, बैंच मार्किंग, सर्वोत्तम उपयोग संबंधी प्रणाली पर उपयुक्त समायोजनों के साथ तथा कच्ची सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के संदर्भ में संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत संबंधी आंकड़ों के आधार पर संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का परिकलन करना उपयुक्त समझते हैं । भारित औसत सामान्य मूल्य *** डालर/प्रति मी.टन बैठता है ।

संबद्ध वस्तुओं के लिए कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है:

प्राधिकारी नोट करते है कि याचिकाकर्ता ने द्वितीयक स्रोतों से आयातों के संबंध में पत्तन वार आंकड़े दिए हैं । इसके अलावा जांच अवधि के दौरान आयात संबंधी आंकड़े डी जी सी आई एंड एस द्वारा भी दिए गए हैं । एक आयातक ने 99.5% शुद्धता वाली जिंक आक्साइड के आयातों के बारे में भी आंकड़े दिए हैं । प्राधेकारी नोट करते हैं कि इन स्रातों से उपलब्ध आकड़े पूर्णतः संगत है और इसलिए, प्राधिकारी ने सी आई एफ कीमतों के प्रयोजनार्थ आयातकों के जबाब से सह-संबद्ध डी जी सी आई एंड एस के आकड़ों का संदर्भ लिया है । भारित औसत सी आई एफ कीमत*** डालर प्रति मीट्रिक टन बैठती है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता ने समुद्री भाड़े,कमीशन,समुद्री बीमा, पत्तन खर्चों,स्वदेशी भाड़े के लिए क्रमश ***,***,***,*** और *** प्रति मी.टन तक समायोजनों का दावा किया है । प्राधिकारी दावा किए गए इन समायोजनों के लिए तथा प्रारंभिक निष्कर्षों में दी गई अनुमति के अनुसार और मौजूदा प्रणाली एवं मानदंडों से सह-संबद्ध समायोजनों की अनुमति देते हैं । कारखाना द्वार पर भारित औसत निर्यात कीमत *** डालर/प्रति मी.टन बैठती है ।

5. **पाटनः सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना**

तुलना से संबंधित नियम में निम्नानुसार प्रावधान हैः

"पाटन मार्जिन निकालते समय, निर्दिष्ट प्राधिकारी निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच उचित तुलना करेगा । यह तुलना व्यापार के उसी स्तर पर सामान्यतः कारखाना द्वारस्तर पर की जाएगी और यथासंभव उसी समयावधि के दौरान की गई बिक्रियों के संबंध में की जाएगी। जो अंतर तुलनीयता पर प्रभाव डालते हैं उनके लिए प्रत्येक मामले में गुण दोष के आधार पर समुचित छूट दी जाएगी, अंतर में शामिल हैं बिक्री की शर्तें, कराधान, व्यापार के स्तर, मात्राएं, वास्तविक विशेषताए तथा अन्य अंतर जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए प्रर्दिशत किए जाते हैं ।"

प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन का मूल्यांकन करने के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य की तुलना भारित औसत कारखानागत निर्यात कीमत के साथ की है ।

संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार हैः-

निर्यातक/उत्पादक	सामान्य मूल्य(डालर/मी.टन)	निर्यात कीमत (डालर/मी.टन)	पाटन मार्जिन (%)
चीन जन.गण. सभी निर्यातक/उत्पादक	***	***	42.3%

6. **क्षति और कारणात्मक संबंध**

उपरोक्त नियम 11, अनुबंध-II के अंतर्गत जब क्षति के बारे में निष्कर्ष निकाला जाता है तो "ऐसे निष्कर्ष में पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में मूल्यों पर उनका

प्रभाव, ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामकारी प्रभावों समेत सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण शामिल होगा ।"मूल्यों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात की जांच करनी आवश्यक समझी जाती है कि क्या भारत में समान वस्तु के मूल्य की तुलना में पाटित आयातों से मूल्यों में पर्याप्त गिरावट आई है अथवा क्या अन्यथा ऐसे आयातों का उद्देश्य मूल्यों को काफी हद तक कम करना है अथवा ऐसी मूल्य वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी हद तक बढ़ गयी होता ।

भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए प्राधिकारी ने उपरोक्त नियमों के अनुबंध-II(iv)के अनुसार उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टाक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा एवं मार्जिन जैसे संकेतकों पर विचार किया जो उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालते हैं ।

निम्नलिखित निवेदन किए गए हैं-

(i) **घरेलू उद्योग**

निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पहले ही चीन से होने वाले पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को स्वीकार किया है । हमलोगों ने निर्दिष्ट प्राधिकारी को पहले ही विस्तृत सूचना उपलब्ध करवा दी है जिससे यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण वास्तविक क्षति हुई है । निम्नलिखित मानदंडों से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का पता चलता है:

(क) देश में उद्योग को जिंक आक्साइड के पाटन से क्षति हो रही है । उद्योग द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों तथा निदेशालय के साथ किए गए पत्र व्यवहार से इस बात की पुष्टि होती है ।

(ख) संबद्ध वस्तुओं की मांग में कमी नहीं आई है । तथापि, जिंक आक्साइड की मांग में आयातों का बाजार हिस्सा महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा है ।

(ग) यद्यपि उत्पादन, क्षमता उपयोग तथा बिक्री में वृद्धि हुई है तथापि पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में जिंक की कीमतों के प्रतिशत के रूप में कमी आई है ।

(घ) पाटित आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत तथा क्षति रहित कीमत से काफी कम है जिसके कारण भारतीय बाजार में गंभीर कीमत अवमूल्यन/कटौती हुई है ।

(ड.) आयातित सामग्री का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम है जिसके कारण घरेलू बाजार में गंभीर कीमत कटौती हुई है ।

(च) घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गंभीर रूप से कमी आई है ।

(छ) निर्यात कीमत में रूपए तथा अमरीकी डालर दोनों रूपों में कमी आई है ।

(ज) पाटित आयातों के कारण बड़ी संख्या में विनिर्माता एककों ने या तो अपना उत्पादन रोक दिया है अथवा अपने प्रचालन को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है ।

(झ) घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि हुई है । तथापि, घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमतों को उस अनुपात में बढ़ाने में समर्थ नहीं रहा है, जिसके कारण घरेलू उद्योग को वित्तीय क्षति हुई है ।

सभी मानदंडों से समग्र तथा संचयी रूप से यह प्रमाणित होता है कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण वास्तविक क्षति हुई है ।

उपरोक्त के मद्देनजर, यह निवेदन है कि क्षति एवं कारणात्मक संबंध के बारे में प्रारंभिक निष्कर्षों की पुष्टि करना अपेक्षित है । प्रकटन के जबाब में घरेलू उद्योग ने निवेदन किया है कि निर्धारित रूप में तथा अमरीकी डालर के रूप में पाटनरोधी शुल्क लागू किया जाए ।

इकाइयों का बन्द होना

यह कहा गया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी को इकाइयों के बन्द होने के पीछे के कारणों की जांच करनी चाहिए क्योंकि कई इकायां बहुत पहले से बन्द हो गई हैं ।

हमारा अनुरोध है कि चीन से वस्तु का लम्बे समय से पाटन हो रहा है, जिसके कारण इकाइयां एक के बाद एक बन्द हो गयी । हमने निर्दिष्ट प्राधिकारी को पहले ही आयातों के सूचना के ब्यौरे उपलब्ध करा दिए हैं जिसमें स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है कि चीन से निर्यातक कुछ समय से उत्पाद का पाटन कर रहे हैं ।

ii) **मै. नवभारत मैटालिक आक्साइड इंडस्ट्रीज लि0**

लाभप्रदता

दोनों याचिकाकर्ताओं ने उत्पादन की समान लागत और उनके द्वारा की गई बिक्री प्राप्ति के आधार पर अलग लाभप्रदता दिखाई है, जिसका अपने आप में यह अर्थ है कि उत्पादन की लागत में एक इकाई से दूसरी इकाई में भिन्नता है और जो पिछडे क्षेत्र को छूट, क्रय नीति और बिजली भुगतान क्षमता, मजदूरी लागत, विनिर्माण प्रक्रिया भंडार स्तर, प्रक्रिया अवधि, कर्जदाता और कर्जदारों की अवधि जैसे विभिन्न कारकों का परिणाम है ।

इकाइयों का बन्द होना

याचिकाकर्ता ने ऐसी विभिन्न इकाइयों के नाम दिए हैं जिन्होंने जिंक आक्साइड का अपना उत्पादन स्थगित कर दिया है/बन्द कर दिया है ।

इकाइयों के बन्द होने के पीछे अनेक कारण हैं जैसे कि श्रमिक समस्या, कच्ची सामग्री की समस्या, वित्तीय कमजोरी और तकनीकी समस्याएं इत्यादि । इसके अलावा प्राधिकारी को उन कारणों पर गौर करना चाहिए जिनकी वजह से उन्होंने अपना उत्पादन स्थगित/बन्द कर दिया है । प्राधिकारी को उस समय पर भी गौर करना चाहिए जब से यह इकाइयां बन्द की गई हैं । प्राधिकारी को इन इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर विचार करना चाहिए ।

ऐसी कुछ इकाइयां है जिन्होंने अपना प्रचालन कई वर्ष पूर्व बन्द कर दिया है ।

कारणात्मक संबंध का साक्ष्य

अन्य देशों से आयातों की मात्रा एवं उनका मूल्य

प्राधिकारी विश्व के अन्य देशों से वस्तु की आयात मात्रा और मूल्य को उद्धत कर सकते हैं । इस उत्पाद का विश्व के अन्य भागों से आयात किया जा रहा है और उत्पाद की कीमत दोनों तरफ से देश वार भिन्न है । अर्थात उत्पाद की प्रक्रिया शुद्धता और ग्रेड के अनुसार उच्च और न्यून है । उत्पाद की कीमत तय करने में प्रक्रिया, शुद्धता और ग्रेड की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । इन कारकों में से किसी भी कारक में मामूली परिवर्तन होने से भी कीमत पर्याप्त रूप से प्रभावित हो जाएगी ।

इसके विपरीत याचिकाकर्ता यह कह रहा है कि चीन से इतर अन्य देशों से आयात काफी उच्च कीमतों पर हो रहे हैं । याचिकाकर्ता ने इस बात की अनदेखी की है कि ऐसे अनेक देश हैं जहां आयात कीमतें चीन की कीमतों से काफी कम हैं और अनेक देश ऐसे भी हैं जहां आयात कीमतें काफी अधिक हैं । यह अंतर उत्पाद की विनिर्माण प्रक्रिया, ग्रेड और शुद्धता के कारण है । जिंक आक्साइड पर पाटन रोधी शुल्क लगाए जाने के कारण जिंक धातु के आयातों में वृद्धि होगी जिससे विदेशी मुद्रा बाहर जाएगी ।

उपरोक्त अनुरोधों पर विचार करने के बाद प्राधिकारी निम्नानुसार पाते हैं

1. वर्ष 1997-98 और 98-99 की तुलना में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन घरेलू बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है । घरेलू उद्योग द्वारा संबद्ध वस्तु का उत्पादन 1997-98 में 8637 मी.टन से बढ़कर 1998-99 में 9504 मी.टन और जांच अवधि में बढ़कर 10458 मी. टन वार्षिक हो गया है । घरेलू बिक्रियां 1997-98 में 6450 मी.टन से बढ़कर 1998-99 में 6702 मी.टन तथा जांच अवधि में आगे और बढकर 7399 मी.टन (वार्षिक)हो गई हैं । क्षमता उपयोग 1997-98 में 71.98% से बढकर 1998-99 में 79.2% तथा जांच अवधि में आगे और बढकर 84.7% हो गया है ।

तथापि पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग ने कुछेक ग्राहकों को गवां दिया है ।

2. चीन जनवादी गणराज्य से आयातों में वर्ष 1997-98 में हुए 2147 मी.टन से वर्ष 1998-99 में 4325 मी.टन और जांच अवधि में 3587 मी.टन तक (वार्षिक) वृद्धि हो गई है ।

3. जांच अवधि में घरेलू उद्योग द्वारा संबद्ध वस्तु की घरेलू बिक्री की निवल बिक्री प्राप्ति घरेलू उद्योग के लिए जांच अवधि में संबद्ध वस्तु के बारे में निर्धारित क्षति रहित कीमत से कम रही है । जांच अवधि में संबद्ध वस्तु की क्षति रहित कीमत पाटित वस्तु की पहुंच कीमत से अधिक है । प्राधिकारी का मानना है कि निवल बिक्री प्राप्ति में उक्त गिरावट संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु की कम पाअत कीमतों के कारण आई है जिससे कीमत में कमी हुई है और परिणामतः घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा हुआ है ।

4. संबद्ध वस्तु की मांग वर्ष 97-98,98-99 और जांच अवधि के दौरान लगभग 45000 मी.टन की रही है और उसमें गिरावट नहीं आई है और इसलिए घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है । मांग का मूल्यांकन करने के लिए प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा हेतु डी जी सी आइ एस के आंकडों का संदर्भ लिया है ।

कीमत में कटौती और कमी के परिदृश्य की जांच करने के उद्देश्य से प्राधिकारी ने अधिकतम उत्पादन और कच्ची सामग्री, खपत योग्य वस्तुओं, उपयोगिता इत्यादि के लिए उपयोगिता मानदंडों को मानकीकृत और उनकी बैंच मार्किंग के जरिए घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत (एन आइ पी) का मूल्यांकन किया है ताकि घरेलू उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया में कमी यदि कोई हो को समाप्त किया जा सके और यह कि ऐसी कमी के प्रभाव के लिए पाटित आयातों के द्वारा आई कीमत अवमूल्यन/कीमत गिरावट को ही घरेलू उद्योग की क्षति के लिए जिम्मेवार न ठहराया जा सके।
जिम्मेवार न ठहराया जा सके ।

5. प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से पाटित आयातों द्वारा की गई कीमत में कमी की वजह से हुए वित्तीय घाटे तथा पाटित संबद्ध वस्तु के कारण कुछेक ग्राहकों को गवाएं जाने की वजह से क्षति हुई है ।

7. भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मुद्दे

प्राधिकारी का मानना है कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य आमतौर पर ऐसे पाटन को समाप्त करना है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति पहुंच रही है तथा भारतीय बाजार में खुली और उचित प्रतिस्पर्धा की ऐसी स्थिति बहाल करना है जो देश के सामान्य हित में होगी ।
आयातकों में से एक आयातक ने यह तर्क दिया है कि जिंक आक्साइड पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से जिंक के आयातों के रूप में विदेशी मुद्रा के भुगतान में वृद्धि होगी । प्राधिकारी यह मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य पाटन के अनुचित व्यापार व्यवहार के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करना है जिससे प्रमुख एवं गौण उत्पादों का तुलनात्मक व्यापार प्रवाह प्रभावित हो सकता है ।

प्राधिकारी यह भी मानते हैं कि हालाँकि पाटनरोधी शुल्क लगाने से संबद्ध वस्तु के उपयोग से विनिर्मित/उत्पादित उत्पादों के कीमत स्तर प्रभावित होंगे और परिणामस्वरूप इन उत्पादों की तुलनात्मक प्रतिस्पर्धात्मकता पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है तथापि पाटनरोधी उपायों से भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी । इसके विपरीत पाटनरोधी उपाय लागू करने से पाटन द्वारा प्राप्त अनुचित लाभों को समाप्त किया जा सकेगा और भारतीय उद्योग के ह्रास को रोका जा सकेगा तथा उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु के व्यापक विकल्प उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी । पाटनरोधी उपायों से संबद्ध देशों से आयात किसी भी प्रकार प्रतिबंधित नहीं होंगे इसलिए उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा ।

पहुंच मूल्य

संबद्ध वस्तु के लिए पहुंच मूल्य का निर्धारण भारित औसत सी आई एफ निर्यात कीमत, सीमाशुल्कों के प्रचलित स्तर (धारा 3,3क,8ख,9,9क के अंतर्गत लगाए गए शुल्कों को छोड़कर) और एक प्रतिशत उतराई प्रभारों को जोड़ने के बाद किया गया है ।

(घ) **निष्कर्ष**

पूर्वोक्त पर विचार करने के बाद यह देखा गया है कि:

(क) संबद्ध देश के मूल की या वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी स्वरूपों का भारत में निर्यात उसके सामान्य मूल्य से कम मूल्य पर किया गया है ।

(ख) संबद्ध देश से पाटित संबद्ध वस्तु की कम पहुंच कीमतों के कारण कीमत में हुई कमी की वजह से घरेलू उद्योग को हुई कम निवल बिक्री प्राप्ति (एन एस आर) के रूप में वास्तविक क्षति हुई है जिससे उसे वित्तीय घाटा हुआ है ।

(ग) घरेलू उद्योग को क्षति संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन के कारण हुई है । प्राधिकारी संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित, अध्याय 28 के अंतर्गत आने वाली संबद्ध वस्तु के सभी रूपों/ग्रेडों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं । किसी भी ग्रेड/शुद्धता का जिंक आक्साइड, जिसे यदि किसी अन्य शीर्ष अर्थात् 38123001 और 28179000 के अंतर्गत आयात किया जाता है तो उस पर भी पाटनरोधी शुल्क लागू होगा ।

(घ) पाटन के मार्जिन के बराबर या उससे कम पाटनरोधी शुल्क की राशि की सिफारिश करना आवश्यक समझा गया था ताकि घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त किया जा सके । तदनुसार यह प्रस्ताव किया जाता है कि सीमाशुल्क टैरिफ के सीमाशुल्क उप-शीर्ष 2817.0001 के अध्याय 28 के अंतर्गत आने वाले चीन जन.गणराज्य के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी ग्रेडों पर केन्द्र सरकार द्वारा नीचे यथा निर्धारित निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया जाए ।

क्र.सं.	निर्यातक/उत्पादक का नाम	उत्पाद	शुल्क की राशि(अम.डालर/मी.टन)
1.	**चीन जन.गणराज्य** सभी निर्यातक/उत्पादक	99.5% शुद्धता वाले जिंक आक्साइड के सभी ग्रेड	289.90

प्राधिकारी मानते है कि यदि संबद्ध देश से वस्तु के अपेक्षाकृत कम जिंक तत्व/शुद्धता का निर्यात किया जाता है तो पाटनरोधी शुल्क आनुपातिक रूप से भिन्न-भिन्न होगा अर्थात 49.75% शुद्धता/जिंक तत्व वाले जिंक आक्साइड के निर्यातों पर 144.95 डालर/मी.टन का पाटनरोधी शुल्क लगेगा अर्थात यह 99.5% शुद्धता वाली संबद्ध वस्तु के लिए निर्धारित शुल्क का 50% होगा ।

उपर्युक्त के अधीन रहते हुए, प्राधिकारी दिनांक 5.3.2001 के प्रारंभिक निष्कर्षों की पुष्टि करते हैं ।

इस आदेश के खिलाफ कोई अपील उपरोक्त अधिनियम के अनुसार सीमाशुल्क, उत्पादशुल्क एवं स्वर्ण (नियंत्रण) अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष दायर की जा सकेगी ।

एल.वी. सप्तऋषि, निर्दिष्ट प्राधिकारी एवं अपर सचिव

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

DIRECTORATE GENERAL OF ANTI-DUMPING AND ALLIED DUTIES

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th October, 2001

FINAL FINDINGS

Subject :—Anti-Dumping investigation concerning imports of zinc oxide from PR China

No. 62/1/2000-DGAD.— Having regard to the Customs Tariff Act, 1975 as amended in 1995 and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of anti-dumping duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995, thereof :

A PROCEDURE

The procedure described below has been followed:

i) The Designated Authority (hereinafter also referred to as Authority), under the above Rules, received a written application from the M/s Transpek Industries Ltd. (TIL) having registered office at Kalali Road, Atladra Road, Vadodara, Gujarat and its subsidiary Co. M/s Transpek Metals and Oxides Ltd. (TMOL) jointly with M/s Demosha Chemicals Ltd. having registered office at 105A, Mittal Towers, 210, Nariman Point, Mumbai-400021 with its associate company M/s Western India Ltd. (hereinafter also referred to as petitioner) on behalf of domestic industry, alleging dumping of Zinc Oxide (hereinafter also referred to as subject goods) originating in or exported from Peoples Republic of China (hereinafter referred to as subject country). The petition is also supported by M/s Pragati Chemicals, Mumbai. Subsequent to initiation Daman Metallic Oxides, Mumbai has also supported the petition.

(ii) Preliminary scrutiny of the application filed by the petitioner revealed certain deficiencies, which were subsequently rectified by the petitioner. The petition was, therefore, considered as properly documented.

(iii) The Authority on the basis of prima-facie evidence as received decided to initiate the investigation against imports of subject goods from People's Republic of China. The Authority notified the Embassy of People's Republic of China in New Delhi about the receipt of the dumping allegation before proceeding to initiate the investigation in accordance with sub-Rule 5(5) of the Rules.

(iv) The Authority issued a public notice dated 8.12.2000 published in the Gazette of India, Extraordinary, initiating Anti-Dumping investigations concerning imports of the subject goods classified under Custom Code 2817.0001 of Schedule I of the Customs Tariff Act, 1975 originating in or exported from Peoples Republic of China.

(v) The Authority notified preliminary findings dated 5.3.2001 and forwarded a copy of the preliminary findings to the known interested parties, who were requested to furnish their views, if any, on the preliminary findings within forty days of the date of the letter.

